# त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

आगामी त्योहारों के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर पार्थ जायसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मिलाद-उन-नबी, रक्षाबंधन, कजलियां, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, हरितालिका तीज, गणेश चतुर्थी एवं अनंत चतुर्दशी के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शांति समिति के सदस्यों ने जिलेवासियों से अपील की कि सभी त्योहार जिले की परंपरा के अनुसार आपसी भाईचारे, सौहार्द और उल्लास के साथ मनाएं। साथ ही सोशल मीडिया पर जाति, धर्म एवं संप्रदाय से संबंधित आपत्तिजनक अथवा भ्रामक टिप्पणी नहीं करने की अपील की गई। त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जाएगी और आपत्तिजनक गतिविधियां पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विधायक मनीषा सिंह ने प्रमुख नगरों में त्योहारों के दौरान चाक-चौबंद व्यवस्था रखने तथा आवश्यकता के अनुसार सड़कों की मरम्मत कराने का सुझाव दिया।

उन्होंने कजलियां एवं मूर्ति विसर्जन के पारंपरिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ होमगार्ड के तैराकों और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने सभी धर्मों के लोगों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने मिलाद-उन-नबी के जुलूस के समय एवं मार्ग की जानकारी संबंधित थाना प्रभारी और एसडीएम को अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए। नगर निकायों को सड़कों की मरम्मत, मलवे की सफाई तथा आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने की व्यवस्था करने को कहा गया। त्योहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा झूलते विद्युत तारों का पूर्व से संधारण कराने के निर्देश भी दिए गए। नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने के साथ कजलियां एवं अन्य विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा गया। जन्माष्टमी के अवसर पर होने वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने मूर्ति स्थापना समितियों, पुलिस एवं प्रशासन के बीच त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान ध्वनि यंत्रों का उपयोग सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय-सीमा और ध्वनि सीमा के अनुरूप ही किया जाए। नियमों का उल्लंघन होने पर ध्वनि यंत्रों की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने गणेश चतुर्थी के दौरान मिट्टी से निर्मित मूर्तियों को प्राथमिकता देने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने मूर्ति विसर्जन के लिए अस्थायी रूप से बनाए गए कुंडों का उपयोग करने पर भी जोर दिया।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, अपर कलेक्टर मिनिषा पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग, एसडीओपी राजेन्द्र मोहन दुबे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी निशांत ठाकुर, तहसीलदार दीपक पटेल, नगर निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी सहित शांति समिति के सदस्य गोविंद सिंह, राजेश्वर उदानिया, रविन्दर सिंह गिल, लक्ष्मण गुप्ता, डॉ. परमानन्द तिवारी, सकील खान, सुफियान खान, सांसद प्रतिनिधि प्रियम त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एमपी के सभी स्कूलों में मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, डीपीआई ने जारी किए निर्देश

## 1 से 3 सितंबर तक होंगे विशेष आयोजन, 4 सितंबर को मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश के सभी विद्यालयों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को उत्साह एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार 1 सितंबर से 3 सितंबर तक विद्यालयों में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। इनमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन, श्रीकृष्ण की शिक्षाओं एवं गीता ज्ञान से जुड़े प्रसंगों पर नाटक-नृत्य तथा भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित प्रचलित मिथकों को दूर करने के उद्देश्य से व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। वहीं सांदीपनि विद्यालयों में गुरु-शिष्य परंपरा से जुड़े प्रसंगों, परिचर्चा एवं नाट्य मंचन सहित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने सभी विद्यालयों को कार्यक्रमों की फोटो एवं पालन प्रतिवेदन निर्धारित ई-मेल पर भेजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 4 सितंबर को मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। स्कूलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता से जोड़ना है।

## लोक सेवा गारण्टी के तहत चिन्हित सेवाएं समय-सीमा में नहीं देने पर प्रति दिन 500 रूपए की दर से लगेगा अर्थदण्ड : कलेक्टर

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने समय-सीमा की बैठक में लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत सिटीजन चार्टर में निर्धारित समय-सीमा में दी जाने वाली चिन्हित सेवाओं के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही समाधान एक दिवस के तहत प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिक ारियों को दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण नहीं होने पर प्रति दिन 500 रूपए की दर से अर्थदण्ड लगाया जाएगा। कलेक्टर पार्थ जायसवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के तहत दी जाने वाली सेवाओं की विभागवार समीक्षा की।



# उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में होगा हरियाली और सुरक्षा का इंतजाम, 6 फीट ऊंची फेंसिंग से होगा संरक्षण

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान को हरा-भरा, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में रविवार को वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई। नगर परिषद डिंडौरी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम श्री राम बाबू देवांगन, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, सीएमओ वेद प्रकाश पुरी सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण किया। मैदान के सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कोनोकार्पस के पौधे लगाए गए। इस दौरान कलेक्टर ने पौधों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मजबूत ट्री गार्ड लगाने, मैदान में मवेशियों के प्रवेश पर रोक लगाने तथा पौधों के संरक्षण के लिए स्कूल का गेट बंद रखने सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

**खेल मैदान को मिलेगी स्थायी सुरक्षा**-एसडीएम राम बाबू देवांगन ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय का खेल मैदान जिले के खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। मैदान के स्थायी संरक्षण के लिए जल्द ही पूरे परिसर को करीब 6 फीट ऊंची मजबूत फेंसिंग से कवर किया जाएगा। इससे अनाधिकृत प्रवेश पर रोक लगेगी तथा मैदान में कचरा फेंकने और अन्य अव्यवस्थित गतिविधियों पर भी नियंत्रण रहेगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद का मैदानी अमला तथा सफाई एवं निर्माण विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल से खेल मैदान के संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की उम्मीद जगी है।

# 27 अगस्त को ब्यौहारी क्षेत्र में विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित किए जा रहे जन विश्वास शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में 27 अगस्त को जनपद पंचायत ब्यौहारी क्षेत्र के विभिन्न क्लस्टरों में जन विश्वास शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसके नोडल अधिकारी एसडीएम ब्यौहारी अर्चना मिश्रा तथा सहायक नोडल अधिकारी सीईओ जनपद पंचायत ब्यौहारी होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्लस्टर आखेटपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन आखेटपुर में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आखेटपुर, खड्डा, खरपा, चरखरी, बरहा टोला, बोचरो, भमरहा प्रथम, मैरे टोला, रसपुर, सरवाही कला एवं साखी ग्राम शामिल हैं। शिविर के लिए अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अखिलेश मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, प्रदीप द्विवेदी, सहायक आपूर्ति अधिकारी, अपर कलेक्टर मिनिशा भगवती पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार कार्यपालन अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहडोल तथा के.एस. यादव, उपसंचालक कृषि विभाग को अधिकारी नियुक्त किया गया है।

क्लस्टर खामडांड़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन खामडांड़ में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में खामडांड, गाढ़ा, चचाई, जगमल, देवरी, पपरेड़ी, पसगढ़ी, मऊ, गोड्डिहा, भगरदहा एवं सतखुरी ग्राम शामिल हैं। यहां प्रतीक खरे, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग क्रमांक-2 शहडोल, विवेक तिवारी, एसडीओ पीएचई, डॉ. शशिप्रभा पाण्डेय, जिला आयुष अधिकारी तथा डॉ. अशोक कुमार सिंह, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं प्रभारी अधिकारी होंगे। वहीं क्लस्टर स्तर पर अर्चना मिश्रा, एसडीएम ब्यौहारी तथा कल्याणी यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी की भूमिका रहेगी। क्लस्टर खैरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन खैरा में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में कल्हारी, खुटेहरा, खैरा, चरका, धाधौकुई, नौढित्रया, बोकरा-बोकरी, भन्नी, भमहरा द्वितीय, भोलहरा एवं भोलहरी ग्राम शामिल हैं। शिविर में रमाकांत पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीआईयू, एस.एल. धुर्वे, कार्यपालन यंत्री पीएचई, आनंद राय सिन्हा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, डी.के. अहिरवार, जिला योजना अधिकारी, प्रज्ञा मरावी, सहायक संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग तथा अतुल चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल प्रभारी अधिकारी होंगे।

क्लस्टर पपौंध अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन पपौंध में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में अल्हरा, तेदुहा, तिखवा, बरा, दलको, कोठार, दलको जागीर, निपनिया, पपोढ़, पपौंध, बनासी, ग्राम शामिल हैं। शिविर में भागीरथी लहरे, प्रभारी आपूर्ति अधिकारी, मनीष अलवा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र शहडोल, सावित्री भगत, जिला आबकारी अधिकारी, डॉ. राजेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल, देवन सिंह मरकाम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा अभय सिंह, उपायुक्त सहकारिता विभाग प्रभारी अधिकारी होंगे। क्लस्टर बुड़वा अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बुड़वा में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में अनहरा, कुम्हिआ, चौरी, गोपालपुर, जनकपुर, झिरिया, धरी नं. 2, बुड़वा, बैरिहाई, रमपुरा, सुखाड़ एवं समान ग्राम शामिल हैं। शिविर के लिए एंतोनिया एक्का डिप्टी कलेक्टर, शुभम शर्मा कार्यपालन यंत्री आरईएस, अमरनाथ सिंह डीपीसी जिला शिक्षा केन्द्र, राहुल शांडिल्य खनिज अधिकारी, अजय सिंह, डीपीएम एनआरएलएम तथा गौरी मिश्रा, सहायक आपूर्ति अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

क्लस्टर हिरवार अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन हिरवार में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ओदारी, कुआं, जुमनी, पथरेही, बरा बघेलहा, बहेरिया, सकंदी, विजयसोता, सपटा, सरसी एवं हिरवार ग्राम शामिल हैं। यहां अनुराग पटेल, सहायक संचालक कृषि, तीरथ गर्मे, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण संतोष कुमार यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी केंद्रीय सहकारी बैंक, राहुल नामदेव, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा ए.के. श्रीवास्तव, एसडीओ पीएचई प्रभारी अधिकारी होंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीण नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी शिविर स्थल पर पहुंचकर नामांतरण, फौती, राशन कार्ड, पेंशन सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत करें।

शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी।



# योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। अधिकारी शिकायतकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने जन विश्वास अभियान के शिविरों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए निर्देश दिए कि शिविरों से पहले विभाग अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण कर लें। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय योजनाओं की नियमित समीक्षा करने को कहा।

**गौराकन्हारी में 31 अगस्त को लगेगा शिविर**-बैठक में विकासखंड समनापुर के ग्राम गौराकन्हारी में 31 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले जन विश्वास अभियान शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। शिविर में आमजन की सुविधा, विभागीय योजनाओं की जानकारी, आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता और आवेदनों के त्वरित निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**किसानों की ई-केवाईसी और फार्मर आईडी पर जोर**

कलेक्टर ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों को निर्देशित किया कि सभी कृषकों की ई-केवाईसी एवं फार्मर आईडी तैयार करने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को किसानों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र कृषकों को कृषि योजनाओं, अनुदान एवं अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# भक्ति भाव से मनाया गया झूला उत्सव

## सावन में श्रीलालजी को झूला झुलाने की परंपरा मन को देती है विशेष आनंद



**सतना ब्यूरो।** रामानुज वैष्णव मंडल सतना द्वारा सावन माह के पावन अवसर पर झूला उत्सव का आयोजन पारस कॉलोनी निवासी रमेश गुप्ता के निवास पर भक्ति भाव एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्रीलालजी लड्डू गोपाल को विधिवत झूला झुलाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन.कीर्तन करते हुए राधा.कृष्ण की आराधना की और वातावरण भक्तिमय हो गया। मंडल के व्यवस्थापक बद्री प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सावन माह में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी को झूले में झुलाने की परंपरा अत्यंत आनंददायी और मन को सुख प्रदान करने वाली है। उन्होंने कहा कि झूला उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भगवान के प्रति प्रेम भक्ति और समर्पण की अभिव्यक्ति है।कार्यक्रम के दौरान मधुसूदन गुप्ता श्रीनिवास गुप्ता एवं हर्षिता गुप्ता ने भगवान श्रीलालजी लड्डू गोपाल को श्रद्धापूर्वक झूला झुलाया। वहीं राधा.कृष्ण एवं सखियों के झूला झुलाने की मनोहारी प्रस्तुति एवं भजनों से श्रद्धालु भाव.विभोर हो उठे।इस अवसर पर विनीत गुप्ता रमेश गुप्ता एवं लव.कुश गुप्ता ने झूला डाला रे झूला डाला मन सहित विभिन्न भक्ति गीतों का गायन किया।

भजन.कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने तालियां बजाकर भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।झूला उत्सव में बद्री प्रसाद गुप्ता रामकृपाल गुप्ता रामचरण गुप्ता राजकुमार साहू गोपाल गुप्ता , लव.कुश गुप्ता,श्याम लाल गुप्ता ष्श्यामूष,विनीत गुप्ता,मधुसूदन गुप्ता,श्रीनिवास गुप्ता,बबीता साहू राधामाया गुप्ता अनिता गुप्ता प्रकाश गुप्ता प्रतिमा गुप्ता श्रृष्टि गुप्ता हर्षिता गुप्ता प्रिया गुप्ता आरती गुप्ता किशोर गुप्ता इंद्र जीत गुप्ता रेखा गुप्ता रेनू साहू प्रमोद गुप्ता सतीश गुप्ता कामता गुप्ता अशोक गुप्ता रमा गुप्ता रामवती विश्वकर्मा अजीत विश्वकर्मा सोनाली साहू सहित मंडल के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भगवान श्रीलालजी की आरती एवं मंगलकामनाओं के साथ हुआ।



# जसो थाना पुलिस ने किया अंधी हत्या का खुलासा

## अवैध संबंध को लेकर हुई थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना ब्यूरो।** जिले के देवरी के अर्जुन खोह जंगल में मई माह में हुई धनीराम भूमिया की हत्या का जसो थाना पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है।पुलिस ने मामले में धन सिंह यादव और लुक्खू उर्फ जहिंद यादव को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।आरोपियों ने बताया कि मृतक धनीराम भूमिया उनकी पत्नी से संबंध को लेकर गांव में बदनाम कर रहा था। इसी रंजिश के चलते उन्होंने हत्या की योजना बनाई। मौका पाकर दोनों ने कुल्हाड़ी से हमला कर धनीराम की हत्या कर दी और सबूत मिटाने के लि,शव को 'जंगल की गुफा में छिपा दिया था। जसो थाना पुलिस की इस कार्रवाई की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अंधी हत्या का पर्दाफाश किया।

# हाईकोर्ट के स्टे को ठेंगा दिखा रहे दबंग मुस्लिम किसान की जमीन पर काटे पेड़ बना दी सड़क

## सिविल लाइन थाने में पड़ी है शिकायत पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**सतना ब्यूरो।** शहर में दबंगई का एक ऐसा मामला सामने आया है जहां कानून और अदालत के आदेशों को भी खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है। शहर के सबसे पॉश इलाके में से एक वार्ड क्रमांक 29 सुमित बाजार के सामनेए चर्च के पीछे स्थित एक गरीब मुस्लिम किसान की जमीन पर भू.माफिआओं ने कब्जा कर लिया है। यह जमीन एडवोकेट मुन्नी खान के घर से लगी हुई हैए जो इस पूरे मामले को और भी संवेदनशील बनाती है।

**पीड़ित किसान की जमीन पर हरे.भरे पेड़ों का कत्लेआम**- पीड़ित किसान कलीमुज्जमा ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर वर्षों से लगे कीमती वृक्षों को दबंगों ने दिनदहाड़े मजदूर लगाकर कटवा दिया। जब किसान ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसे जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। किसान का कहना है कि ये दबंग शहर के नामी भू.माफिया हैंए जिनके हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस और प्रशासन का भी कोई डर नहीं है।

**हाईकोर्ट के स्टे आदेश की उड़ रही धज्जियां** -इस पूरे मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैंए उसका मामला मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर में विचाराधीन है और न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का स्पष्ट स्टे आदेश दे रखा है। अदालती



आदेश के दस्तावेज भी पीड़ित के पास मौजूद हैं। लेकिन इसके बावजूद दबंगों ने न केवल पेड़ काटे बल्कि नगर निगम के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत करके उस जमीन के एक हिस्से पर अवैध रूप से सीसी रोड का निर्माण भी कर दिया हैए ताकि आने वाले समय में उस जमीन को सरकारी जमीन बताया जा सके।

**पुलिस और सत्ताधारी नेताओं की मिलीभगत का आरोप** - पीड़ित किसान का आरोप है कि इस जमीन पर कब्जा करने वाले दबंगों को सत्ताधारी पार्टी के कुछ स्थानीय नेताओं का खुला संरक्षण प्राप्त है।

यही कारण है कि जब वह अपनी शिकायत लेकर सिविल लाइन थाने गया तो वहां उसकी रिपोर्ट तो लिख ली गईए लेकिन सालों बीत जाने के बाद भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान का कहना है कि वह पिछले दो वर्षों से थाने के चक्कर काट रहा है लेकिन हर बार उसे सिर्फ आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। पुलिस की इस लचर कार्यप्रणाली से दबंगों के हौसले और भी बढ़ गए हैं।

**न्याय के लिए भटक रहा किसान** -अपनी जमीन को दबंगों के कब्जे से बचाने के लिए पीड़ित किसान ने कलेक्टर एसपी और नगर निगम कमिश्नर तक से गुहार लगाई है लेकिन उसे कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। किसान ने कहा कि वह गरीब है और उसके पास दबंगों से लड़ने के लिए पैसा और ताकत नहीं है। उसे सिर्फ अदालत पर भरोसा है। उसने जिला प्रशासन से मांग की है कि हाईकोर्ट के स्टे आदेश का पालन कराया जाए उसकी जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाएए पेड़ काटने वालों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाए और नगर निगम के जिन अधिकारियों ने मिलीभगत कर सड़क बनाई हैए उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।यह मामला सिर्फ एक किसान की जमीन का नहीं बल्कि कानून के शासन पर भी सवाल खड़ा करता है। अगर हाईकोर्ट के स्टे के बाद भी इस तरह खुलेआम जमीनों पर कब्जा होता रहा तो आम आदमी न्याय के लिए कहां जाए।

# 11 महीने से बिजली पोल का इंतजार : लाखों का भुगतान फिर भी कनेक्शन अधूरा, दबंगों के आगे बिजली कंपनी और पुलिस पर उठे गंभीर सवाल

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** शहर से लगे सिमरिया गांव में निजी परिसर को विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने का मामला पिछले करीब 11 महीनों से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। शिकायतकर्ता सुमित शर्मा के अनुसार, विद्युत कनेक्शन के लिए निर्धारित राशि जमा करने के बावजूद अब तक पोल स्थापित कर लाइन चालू नहीं की गई। इतना ही नहीं, सरकारी भूमि पर लगाए गए विद्युत पोल कथित रूप से असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार तोड़े जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक सुमित शर्मा ने अपने परिसर में 10 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत कनेक्शन शुरू कराने के लिए पिछले वर्ष सितंबर में आवेदन किया था। जनवरी में बिजली कंपनी के पास करीब 68 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बाद दोबारा सर्वे होने पर लगभग 7 हजार 500 रुपये अतिरिक्त राशि भी जमा कराई गई। शिकायत के अनुसार, ट्रांसफार्मर के लिए ठेकेदार सुरेंद्र सिंह ठाकुर को करीब 3 लाख रुपये दिए जाने की बात भी सामने आई है।

लाइन खींचने के लिए सरकारी भूमि पर पहले तीन विद्युत पोल लगाए गए थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने इन खंभों को तोड़ दिया। इसके बाद बिजली कंपनी ने दोबारा सर्वे कर दूसरी दिशा से लाइन ले जाने की तैयारी की और सरकारी भूमि पर चार नए पोल लगाए, लेकिन वे भी कथित रूप से तोड़ दिए गए। इस तरह दो प्रयासों में कुल सात विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से पूरी व्यवस्था ठप हो गई और ट्रांसफार्मर अब तक चार्ज नहीं हो सका।

### शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं

शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले को लेकर कोतवाली थाना में लिखित शिकायत दी गई, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में आवेदन किया गया तथा जनसुनवाई में भी समस्या रखी गई।



इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के समक्ष लिखित आवेदन देकर निराकरण की मांग की गई। आरोप है कि विभिन्न स्तरों पर शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

सुमित शर्मा के अनुसार, विद्युत पोल तोड़ने के मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिला। शिकायतकर्ता ने प्रशासन एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे प्रकरण की जांच कर क्षतिग्रस्त खंभों को तत्काल पुनः स्थापित कराने तथा दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

### जमा राशि के बाद भी उपभोक्ता परेशान

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब उपभोक्ता द्वारा निर्धारित शुल्क के साथ अतिरिक्त राशि जमा कराई जा चुकी है और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था के लिए भी बड़ी रकम खर्च की जा चुकी है, तो करीब 11 महीने बाद भी विद्युत सुविधा क्यों शुरू नहीं हो पाई। दूसरी ओर, सरकारी भूमि पर बार-बार विद्युत पोल तोड़े जाने के आरोपों के बावजूद जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होने से बिजली कंपनी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

एक ओर देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सिवनी जिले में युवाओं को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए आवश्यक विद्युत कनेक्शन तक नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब मूलभूत विद्युत सुविधा ही उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, तो युवा अपना स्वरोजगार कैसे स्थापित कर पाएंगे और आत्मनिर्भर कैसे बनेंगे? सरकार की योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, लेकिन जमीनी स्तर पर विभागीय अड़चनों के कारण यदि विद्युत कनेक्शन ही लंबित रहे तो स्वरोजगार को बढ़ावा देने के दावों पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

स्थानीय स्तर पर यह मामला केवल एक उपभोक्ता की परेशानी तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सरकारी विद्युत व्यवस्था, विभागीय समन्वय और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यदि विद्युत कंपनी द्वारा सरकारी भूमि पर लगाए गए खंभों को असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है, तो उनकी पहचान कर कार्रवाई करना पुलिस की जिम्मेदारी है। वहीं, उपभोक्ता द्वारा आवश्यक राशि जमा करने के बाद विद्युत कनेक्शन पूर्ण कराने की जवाबदेही संबंधित विभाग की बनती है।

शिकायतकर्ता ने मांग की है कि प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कराए, सरकारी भूमि पर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल तत्काल पुनः स्थापित करवाए, ट्रांसफार्मर को चार्ज कर कनेक्शन शुरू कराया जाए तथा विद्युत संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि लंबे समय से लंबित प्रकरण का स्थायी समाधान हो सके।

# पिपरडाही में समस्याओं का अंबार, स्कूल ड्रेस में सड़क पर उतरे छात्र-छात्राएं, अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन







**सिवनी। स्वतंत्र मत।** जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत पिपरडाही में सड़क सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर सोमवार को ग्रामीणों और विद्यार्थियों का आक्रोश सामने आया। चारगांव से पिपरडाही तक करीब 10 वर्षों से जर्जर पड़े मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर एक शाला-एक परिसर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सिवनी-छिंदवाड़ा मार्ग पर पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन करते हुए घंटों जाम लगा दिया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे स्कूल जाने के बजाय स्कूल ड्रेस में ही सड़क पर बैठ गए। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण की मांग उठाई। उनका कहना था कि चारगांव से पिपरडाही पहुंच मार्ग की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क खराब होने से विद्यार्थियों, किसानों और अन्य ग्रामीणों को प्रतिदिन आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

### दस साल से मिल रहा आश्वासन, नहीं हुआ सड़क निर्माण

ग्रामीणों के अनुसार पिछले करीब 10 वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की ओर से कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन सड़क की स्थिति में कोई स्थायी सुधार नहीं हुआ। लगातार अनदेखी से ग्रामीणों और विद्यार्थियों में नाराजगी बढ़ती गई, जिसके बाद सोमवार को उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया।

### जर्जर स्कूल और पंचायत भवन का भी उठाया मुद्दा

प्रदर्शनकारियों ने स्कूल और ग्राम पंचायत कार्यालय के जर्जर भवनों का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों का आरोप है कि इन भवनों को अब तक डिस्मेंटल नहीं किया गया है, जिससे कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर भी लापरवाही के आरोप लगाए और संबंधित समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की।

### अधिकारी पहुंचे मौके पर, समझाइश के बाद खत्म हुआ जाम

जाम की सूचना मिलते ही लखनवाड़ा थाना प्रभारी सीके सीरामे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीएम पूर्वी तिवारी, नायब तहसीलदार राधिका पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी अभिनाश दीक्षित, जनपद सीईओ लोकेश साहू और आरआई अनिल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं।

विद्यार्थियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कलेक्टर को मौके पर बुलाने तथा सड़क और पुलिया निर्माण को लेकर लिखित आश्वासन देने की मांग की। काफी देर तक चली समझाइश और चर्चा के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया।

### विद्यार्थियों को साथ लेकर अधिकारियों ने किया मार्ग का निरीक्षण

जाम समाप्त होने के बाद एसडीएम पूर्वी तिवारी और जनपद सीईओ लोकेश साहू कुछ विद्यार्थियों को अपने वाहनों में साथ लेकर संबंधित मार्ग का निरीक्षण करने गांव पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर सड़क और पुलिया की स्थिति देखी तथा समस्या को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही।

### सरपंच-सचिव की अनुपस्थिति पर भी नाराजगी

प्रदर्शन के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव दोनों की मौके पर अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना था कि जब गांव के लोग वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर हैं, तब पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधियों की मौजूदगी आवश्यक थी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सड़क, पुलिया और अन्य मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जा सकता है। वहीं पत्रकारों द्वारा ग्राम पंचायत में व्याप्त समस्याओं के संबंध में जनपद पंचायत सिवनी के सीईओ लोकेश साहू से जानकारी मांगी गई, लेकिन वे इस संबंध में स्पष्ट जानकारी देने से बचते नजर आए।

# मिड-डे मील में कीड़ा मिलने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप


**सिवनी। स्वतंत्र मत।** सिवनी जिले के प्राथमिक शाला कामता में शासकीय मध्याह्न भोजन योजना की एक गंभीर लापरवाही सामने आई है। स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों को परोसे गए मिड-डे मील में इल्ली मिलने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद से ही ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शाला कामता में मध्याह्न भोजन वितरण का कार्य रागिनी स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाता है। हमेशा की तरह बच्चे भोजन करने बैठे थे, तभी एक छात्रा की थाली में परोसी गई सब्जी/दाल में इल्ली तैरती हुई दिखाई दी। छात्रा ने तुरंत इसकी जानकारी शिक्षकों को दी, जिसके बाद बात पूरे गांव में फैल गई।

मौके पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने रागिनी स्व-सहायता समूह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समूह द्वारा बच्चों को लंबे समय से घटिया और अमानक स्तर का भोजन परोसा जा रहा है। खाना पकाने में स्वच्छता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा जाता।

ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस संबंध में कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। किसी भी अधिकारी ने समय रहते समूह पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की,





जिसके कारण आज बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत समूह की बढ़ गई है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि रागिनी स्व-सहायता समूह का ठेका तुरंत निरस्त नहीं किया गया और दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे स्कूल में तालाबंदी कर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। घटना के बाद से ही क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं।

# कार्यपालक निदेशक के द्वारा नवांकुर संस्थाओं व मेंटर्स की समीक्षा की गई

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिवनी में कार्यपालक निदेशक डॉक्टर बकुल लाड द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला सिवनी की नवांकुर संस्थाओं व मेंटर्स की जिला पंचायत सभा कक्ष सिवनी में समीक्षा बैठक की गई। सर्वप्रथम समस्त विकासखंड समन्वयक,नवांकुर संथाओं व मेंटर्स की उपस्थिति में कार्यपालक निर्देशक महोदय जी के द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलन कर समीक्षा बैठक चालू की गई। डॉक्टर बकुल लाड कार्यपालक निदेशक महोदय जी का स्वागत जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया तथा सभी



विकासखंड के विकासखंड समन्वयक, मेंटर्स व नवांकुर संस्था सदस्य के द्वारा भी स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। समीक्षा बैठक में कार्यपालक निदेशक द्वारा विकासखंडवार सभी का परिचय प्राप्त किया गया। डॉक्टर बकुल लाड कार्यपालक निदेशक द्वारा विकासखंडवार किए गए कार्य एक पेड़ माँ के नाम ,जल गंगा संवर्धन अभियान,हर घर तिरंगा अभियान, नवांकुर सखी कार्यक्रम आदि की समीक्षा नवांकुर संस्थाओं व मेंटर्स से की गई।

# पंचज की निःशुल्क कोचिंग में जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक बकुल लाड ने दिया मार्गदर्शन

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क कोचिंग के लिए सिवनी में विगत 11 वर्षों से संचालित संस्था पंचज विकास परिषद सिवनी के नवीन बैच के शुभारम्भ के अवसर पर भोपाल से पधारे जन अभियान परिषद के कार्यपालन निदेशक श्री बकुल लाड ने पहुंचकर अध्ययन की बारीकियों पर प्रकाश डाला, उन्होंने लक्ष्य निर्धारण की पद्धति के साथ तैयारी की स्मार्ट रूपरेखा बनाने के लिए अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने अध्ययन की बारीकियां और मानसिक योग्यता में वृद्धि के लिए खाली समय में जीवनियाँ पढ़ने की सलाह दी साथ सीमित किताबों का गूढता के साथ अध्ययन कर पुनरावलोकन करने का आग्रह अभ्यर्थियों से किया।

इस अवसर पर इस निशुल्क कोचिंग के संस्थापक पीयूष दुबे ने विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान और



समसामयिकी के अध्ययन की रणनीति समझाई, जबकि सह संस्थापक आतिफ खान ने गणित के पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

वही प्रशिक्षक के रूप में निशुल्क सेवा दे रहे सत्यम यादव ने आगामी सभी व्यावसायिक परीक्षाओं के सिलेबस को अभ्यर्थियों के बीच में रखा , इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी, पंचज विकास परिषद के संस्थापक राहुल पाण्डे , सचिव अमित सोनी कार्यक्रम संयोजक यक्ष आर्य, ओम दुबे , सहित 90 नवागत अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

संस्था के संस्थापक पीयूष दुबे ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को इस निशुल्क कोचिंग में पहुंचने की अपील की है , कोचिंग मंडला रोड डूंडा सिवनी चौक के पास सुबह 9 बजे से 11 बजे तक संचालित होती है ।

# जन समस्या निवारण संस्थान द्वारा हरियाली महोत्सव के साथ हुए विविध आयोजन

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा आज 23 अगस्त 2026 को हुए विविध आयोजन जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ अभिषेक कालोनी नर्मदेश्वर मंदिर में गीता पाठ महादेव भोलेनाथ का पूजन अर्चन एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डहेरिया के नेतृत्व एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया जी एवं शहीद वार्ड पार्षद जोएब जकी अनवर खान के मुख्य आतिथ्य में व भगवत गीता पाठ की विदुषी श्रीमती कल्पना हिड़ऊ, नर्मदेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री दिनेश ठाकुर वरिष्ट समाज सेवी श्री महेंद्र पंड्या श्री राजेश रजक,श्री निकेलाल भारतद्वज श्री रामप्रसाद चौधरी,श्री संजय मिश्रा,श्री अजय विश्वकर्मा श्री एल के डहेरिया श्री चिंटू पांडे एवं मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सीमा चौहान श्रीमती पी बोरकर की विशिष्ट अतिथि में आयोजित किए गए ।

जन समस्या निवारण संस्थान जिला सिवनी द्वारा हर चीज त्यौहार में उत्सव मनाए जाते है व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु सिलाई प्रशिक्षण चल रहे हैं। आज शहीद वार्ड अभिषेक कालोनी सिवनी में पर्यावरण संरक्षण को बचाने हेतु विशाल पौधारोपण किया गया कॉलोनी निवासियों एवं संस्थान के सभी पदाधिकारी ने अपने परिवार के नाम एक-एक पौधा रोपित किये जिसमें मुख्य रूप से औषधि पौधे छायादार फलदार पौधों का रोपण कर सभी के मन में हरितिमा छाई संस्थान के पदाधिकारियों ने कालोनी निवासियों को जो पौधों की जिम्मेवारी ले सकें पौधों का वितरण किया मुख्य अतिथियों को भी पौधों का वितरण किया गया। एवं हमारी पुरानी परम्परा को बरकरार रखते हुए सावन झूला, सुहागनो को सुहाग की सामग्री वितरित की गई सभी महिलाओं ने अपने-अपने सुहाग के लंबी उम्र की कामना कर एक दूसरे को हल्दी



कुमकुम लगाया कार्यक्रम में महिलाओं के मनोरंजक व स्वस्थप्रद प्रतियोगिता रखी जिन जिसमे कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ पेपर दौड़ सुई धागा दौड़, चूड़ी गेम आदि गेमों का भरपूर्ण आनन्द लिया व हरियाली महोत्सव के आयोजन में सावन गीत शैला नृत्य से सभी महिलाओं का मन उमंग से भर उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्रीमती कीर्ति ठाकुर की एंकरिंग से आकर्षक बना।

संस्थान द्वारा शहीद वार्ड में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें रोड किनारे लगे हुए खरपतवार कूड़ा कचड़ा की सफाई संस्थान के सदस्यों ने सफाई कर्मचारियों के सहयोग से किये। नगरपालिका सफाई कर्मचारी महिलाओं का संस्थान द्वारा उत्कर्ष कार्य करने वाली सफाई कर्मचारी महिलाओं का पुष्प गुच्छ से सम्मान किया।

कार्यक्रम में शानदार छोटे छोटे नन्हे मुन्हे बच्चों के द्वारा राधा कृष्ण की झांकी मनोहारी दृश्य रहा। कार्यक्रम में डांस व खेलो में भाग लेने



वाली प्रतिभागी महिलाओं बालिकाओं को संस्थान द्वारा प्रशस्ति पत्र गिफ्ट उपहार दिया गया। आज के कार्यक्रम में जन समस्या निवारण संस्थान के जिला उपाध्यक्ष श्री वीरेंद्र नागरे एड देवेन्द डहरवाल एड शालिनी डहेरिया अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डेहरिया उपाध्यक्ष अमृता बेदी सचिव श्रीमती वर्षा विशेन कोषाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी गहलोद जिला संगठन मंत्री अनीता प्रजापति सीता डहेरिया यसोदा डहेरिया नीतू रजक लक्ष्मी बघेल,प्रेमलता बेंद्रे, शशि नेमा नेहा मालवीय, बरघाट ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती मंजू चक्रवर्ती , ममता पटले सदस्य रामवती सनोड़िया, रजनी पंड्या , जयश्री पांडे, सन्तोषी सेन सुनीता चौधरी कामिनी चंद्रा रचना बाजपेयी, राजदुलारी यादव प्रीति साहू,सोनम ठाकुर, शालिनी ठाकरे,जयश्री गढ़वाल आदि की गरिमा उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ अंत में संस्थान की उपाध्यक्ष श्रीमती अमृता बेदी ने सभी का आभार प्रदर्शन कर हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी।

# आज श्रावण शुक्ल प्रदोष पर सिद्धपीठ मठ मंदिर में शिवमय होगा वातावरण, सहस्त्रधारा अभिषेक और कमल पुष्प सहस्रार्चन से गूंजेगा देवालय

**सिवनी। स्वतंत्र मत।** देवाधिदेव महादेव की आराधना के पावन पर्व श्रावण शुक्ल प्रदोष के अवसर पर सिद्धपीठ मठ मंदिर में मंगलवार को भक्ति, श्रद्धा और वैदिक मंत्रोच्चार से परिपूर्ण भव्य धार्मिक आयोजन किये जा रहे है।

इस विशेष अवसर पर प्रातः ब्रह्ममुहूर्त 04.45 बजे से अभिषेक, पूजन एवं दिव्य श्रृंगार का शुभारंभ होगा, इसके पश्चात 1100 कमल पुष्पों से देवाधिदेव महादेव के एक हजार नामों से सहस्रार्चन किया जाएगा तथा 108 दीपों से भव्य महाआरती संपन्न होगी। वहीं दोपहर 1 बजे से भगवान शिव का सहस्त्रधारा अभिषेक विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होगा। श्रावण मास और प्रदोष व्रत का अद्भुत संयोग शिवभक्तों के लिए विशेष फलदायी माना गया है। सिद्धपीठ मठ मंदिर में देवाधिदेव महादेव के दिव्य शिवलिंग पर पवित्र सहस्त्र जलधाराओं से अभिषेक किया जाएगा इस दौरान रुद्रपाठ, वैदिक मंत्रों के पावन उद्घोष से संपूर्ण मंदिर परिसर शिवमय वातावरण में गुंजायमान हो उठेगा। प्रात:कालीन विशेष अनुष्ठान में भगवान आशुतोष का विधिवत अभिषेक, पूजन और मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद 1100 कमल पुष्पों के माध्यम से भगवान शिव के एक हजार पावन नामों का सहस्रार्चन होगा। कमल पुष्पों की सुगंध, मंत्रों की पवित्र ध्वनि और शिवनाम के दिव्य स्मरण से मंदिर का वातावरण आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण रहेगा। 108 दीपों से होने वाली महाआरती इस धार्मिक आयोजन का विशेष आकर्षण होगी। दीपों की ज्योति से आलोकित भगवान महादेव का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति का अवसर बनेगा।